
# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

अप्रैल 2009 (अंक 188) | April 2009 (Issue 188)

(बायें से दाये) इयान रेडक्लिफ, निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान, अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, स्टीफन पेची, तकनीकी सलाहकार, विश्व बचत बैंक संस्थान और श्यामा बंसिया, निदेशक (बजट), वित्त मंत्रालय, ब्रुशेल्स (बेल्जीयम) में 29–30 अप्रैल 2009 के दौरान विश्वबचत बैंक संस्थान द्वारा बिल एवं मेलिंडा गेट्स फाऊण्डेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा बिल एवं मेलिण्डा गेट्स फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में भाग लिया

श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्रीमती श्यामा बंसिया, आई आर एस, निदेशक (बजट), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने ब्रुशेल्स (बेलजीयम) में विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाऊन्डेशन के सहयोग से आयोजित पूर्व–प्रस्ताव संक्षिप्तीकरण कार्यशाला में भाग लेने हेतु नामांकित किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बचत बैंक खातों को दुगना करना एवं अगले पाँच वर्षों में गरीबों तक वित्तीय योजनाओं को पहुँचाना था । इस कार्यशाला में 60 देशों जैसे भारत, कजाकिस्तान, कीनिया, मोरोक्को, स्पेन, श्रीलंका, युगान्डा, अलसलवाडोर, दक्षिण आफ्रीका, इंडोनेशिया ने भाग लिया । विश्व बचत बैंक संस्थान और बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाऊन्डेशन के विशेषज्ञों ने पिछले 60 सालों में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा वित्त उपलब्धता (एक्सेस टू फाइनान्स) के क्षेत्र में विकसित विशेषज्ञता का लाभ उठाने में विशेष रुचि दिखाई। प्रथम चरण में यह कार्यक्रम 5 वर्षों के लिए होगा जिसके लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान ने तीन राज्यों राजस्थान, पश्चिम बंगाल एवं गोवा को चिन्हित किया है । कालान्तर में इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों को भी समाविष्ट किया जाएगा। इस पूरे प्रकल्प की लागत ग्यारह मिलियन डालर, बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाऊण्डेशन को आएगी। यह कार्यक्रम जून/जुलाई 2009 से प्रारंभ होकर जून 2014 तक जारी रहेगा।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्री अजय निगम, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भारत सरकार 24 मार्च 2009 को नागपुर में राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) द्वारा आयोजित हिन्दी कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यालय के कर्मियों को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ में (बाएँ से) श्रीमती नलिनी केनी पारपत्र अधिकारी, श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय)

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने मुख्यालय के कर्मियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 24 मार्च 2009 को नागपुर अपने मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दैनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाना था।

श्री अजय निगम, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भारत सरकार नागपुर ने इस हिन्दी कार्यशाला का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने दैनिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि हिन्दी में कार्य करना काफी सरल है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस हिन्दी कार्यशाला के आयोजन से कर्मचारियों में हिन्दी के प्रयोग में आ रही झिझक दूर होगी। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कर्मचारियों से अपिल की कि वे हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करे एवं भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करे। श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) एवं प्रभारी राजभाषा ने हिन्दी कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। श्रीमती नलिनी केनी, पारपत्र अधिकारी, भारत सरकार भी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

श्रीमती हेमलता मिश्र सहायक निदेशक राजभाषा वायुसेना कमांड नागपुर और श्री प्रदीप शर्मा, सहायक निदेशक, राजभाषा ने इस कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया। श्री जे.पी. सिंह, हिन्दी अधिकारी ने कार्यशाला का समन्वय किया।




श्री पी. कुंवर ए.सी.एस. अतिरिक्त उपायुक्त, तेजपुर (असम) राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र गुवाहाटी द्वारा तेजपुर में आयोजित अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अल्प बचत अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए। साथ ही (बाएँ) श्री आर. एन. मुखर्जी, क्षेत्रीय निदेशक एन.एस.आई. गुवाहाटी भी दिखाई दे रहे है।




श्रीमती कमाली श्रीपल, संपादक 'गोकुलम कथिल' पत्रिका चेन्नई में 17.4.2009 को महिला बचत दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट अभिकर्ता श्रीमती वासन्ती शंकर को पुरस्कार प्रदान करती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही (बाएँ से दायें) श्री पी. षणमुगम, उपनिदेशक, श्री टी. दासरी क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान, चेन्नई केन्द्र, श्री सी. उमाशंकर आई.ए.एस., अल्प बचत आयुक्त, तामिलनाडू सरकार और श्री आर. व्यंकटरमन, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, चेन्नई शहर केन्द्रीय विभाग भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संपूर्ण भारत में महिला बचत दिवस मनाया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, राज्य सरकार एवं डाक विभाग के सक्रिय सहयोग से क्षेत्रीय केन्द्रो के मुख्यालयों पर प्रतिवर्ष महिला बचत दिवस मनाता है। इस वर्ष भी संपूर्ण भारत में 15 अप्रैल 2009 को महिला बचत दिवस मनाया गया।

महिला बचत दिवस मनाने का उद्देश्य महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओं को प्रोत्साहित कर देश के विकास के लिए संसाधनों को एकत्रित करना व साथ ही अपनी आजीविका कमाना है। दूर-दराज तक फैले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से घरेलू बचत के संग्रह पर महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओं को कमीशन प्राप्त होता है।

इस अवसर पर विभिन्न अतिथियों द्वारा महिलाओं के बचत प्रक्रिया में भूमिका की सराहना की गई विशेष रूप से महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओं की जो कि जनता में जागरूकता लाती है। इस आयोजन को दूरदर्शन, आकाशवाणी, प्रिंट मीडिया इत्यादि द्वारा विस्तृत रूप से प्रसारित किया गया।




श्रीमती शालन आमले, निदेशक, श्री महिला गृह उद्योग (लिज्जत) ने राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र नागपुर द्वारा 15.4.2009 को आयोजित महिला बचत दिवस के उद्घाटन अवसर पर परमपरागत दीप प्रज्वलित करती हुए दिखाई दे रही है। साथ में श्री पद्मसिंह क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर केन्द्र।

# अप्रैल से फरवरी 2008 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2008 तक | | फरवरी 2009 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 8133.57 | -564.32 | 9058.74 | -869.58 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 80.22 | 23.85 | 85.67 | 14.41 |
| 3. | असम | 1396.33 | -476.44 | 1631.94 | -352.55 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 22.78 | 3.39 | 26.74 | 5.81 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 272.01 | -296.23 | 333.25 | -357.58 |
| 6. | बिहार | 4832.97 | 626.03 | 5562.70 | 871.51 |
| 7. | झारखंड | 1732.35 | -48.86 | 2215.39 | 119.25 |
| 8. | चंडीगढ | 319.44 | -171.49 | 389.46 | -93.62 |
| 9. | दमण एवं दीव | 377.24 | -145.71 | 387.45 | -45.18 |
| 10. | दिल्ली | 3825.98 | -1246.96 | 4246.61 | -1591.78 |
| 11. | गोवा | 292.70 | -7.50 | 361.86 | -33.41 |
| 12. | गुजरात | 10125.27 | -1886.74 | 12012.88 | -1295.60 |
| 13. | हरियाणा | 3884.83 | -502.31 | 4027.42 | -589.09 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 2001.39 | 35.31 | 2124.56 | 76.14 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1310.86 | -70.51 | 1268.06 | -62.05 |
| 16. | कर्नाटक | 4574.05 | -707.15 | 4823.28 | -1182.21 |
| 17. | केरल | 3644.50 | -592.46 | 4151.55 | -843.78 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.58 | -0.70 | 1.97 | 0.08 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 3507.81 | -522.89 | 3932.54 | -551.19 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1203.20 | -62.02 | 1341.63 | -144.42 |
| 21. | महाराष्ट्र | 11045.51 | -1951.45 | 11485.73 | -926.99 |
| 22. | मणिपुर | 57.73 | -22.25 | 66.38 | -15.04 |
| 23. | मेघालय | 132.21 | 1.66 | 159.04 | 13.54 |
| 24. | मिझोरम | 66.75 | -19.81 | 71.85 | -7.53 |
| 25. | नागालैंड | 29.43 | -8.91 | 30.34 | -1.33 |
| 26. | उडीसा | 2168.76 | 52.18 | 2475.26 | 103.13 |
| 27. | पांडीचेरी | 105.76 | -28.27 | 92.60 | -28.62 |
| 28. | पंजाब | 7122.01 | -905.70 | 6873.36 | -813.32 |
| 29. | राजस्थान | 5881.91 | -1700.14 | 7488.65 | -1891.41 |
| 30. | सिक्कीम | 44.46 | -15.81 | 51.00 | -10.91 |
| 31. | तमिलनाडू | 7024.70 | -934.87 | 7537.10 | -1136.63 |
| 32. | त्रिपूरा | 336.90 | -17.75 | 407.48 | -30.47 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 12978.90 | 192.82 | 14322.19 | 291.30 |
| 34. | उत्तरांचल | 1856.51 | 117.86 | 2111.48 | 139.10 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 14283.29 | 127.75 | 16554.33 | 638.78 |
| | कुल | **114673.91** | **-11726.40** | **127710.54** | **-10601.25** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।